आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 15.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- संसद का तीन दिन का विशेष सत्र कल से– लोकसभा में कल और परसों महिला आरक्षण विधेयक पर चर्चा होगीं
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में कृषि और घरेलु उपभोक्ताओं तथा उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं
- राजस्थान पुलिस के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजनं
- प्रदेश में कल पांच स्थानों पर पारा 40 डिग्री के पार दर्ज –मौसम विभाग ने पश्चिमी राजस्थान में 17 और 18 अप्रैल को हीटवेव का अलर्ट जारी कियां

00000

संसद का तीन दिन का विशेष सत्र कल से शुरू हो रहा हैं केन्द्र सरकार इस दौरान महिला आरक्षण अधिनियम को लागू करने के लिए जरूरी संवेधानिक संशोधनों को पारित करने का प्रयास करेगीं लोकसभा में कल और परसों महिला आरक्षण बिल पर चर्चा होगीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 के तहत लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटे आरक्षित करने का प्रावधान हैं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि महिला अरक्षण का मुद्दा राजनैतिक नहीं **हैं** ये पूरे देश के हित में हैं

.....

नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज जयपुर में स्कूल बालिकाओं के साथ संवाद करेंगें वहीं उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस अधिनियम को महिला नेतृत्व और सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण बताया हैं

.....

0000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए तकनीकी रूप से सक्षम और कुशल कार्यबल की आवश्यकता पर बल दिया हैं श्रीमती मुर्मू कल गांधीनगर में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रही थीं राष्ट्रपति ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के बढ़ते उपयोग और साइबर डेटा सुरक्षा के विस्तार से राष्ट्रीय सुरक्षा की अवधारणा में व्यापक बदलाव आया हैं

.....

0000

अमरीका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से टेलीफोन पर बातचीत कीं सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने बताया कि दोनों नेताओं ने पश्चिम एशिया की स्थिति पर चर्चा की और हॉर्मुज जल–डमरू–मध्य को खुला और सुरक्षित रखने के महत्व पर बल दियां उन्होंने कहा कि बातचीत के दौरान दोनों देशों ने विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग में हुई महत्वपूर्ण प्रगति की समीक्षा कीं प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों पक्षों ने सभी क्षेत्रों में व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता व्यक्त कीं

0000

राज्य सरकार ने सभी निजी अस्पतालों से मानव सेवा और जीवन रक्षा के दायित्व को सर्वोपरी रखते हुए स्वास्थ्य सेवायें सुचारू रखने की अपील की हैं चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने बताया कि जयपुर में एक निजी अस्पताल संचालक की गिरफ्तारी के विरोध में निजी अस्पतालों ने हड़ताल की घोषणा की हैं इसी कडी में स्वास्थ्य सेवाओं को सुचारू रखने के लिए सभी जरूरी कदम उठाये गये हैं उन्होंने बताया कि प्रदेश के चिकित्सा संस्थानों में मंगलवार को स्वास्थ्य सेवायें सुचारू रहीं निजी और सरकारी अस्पतालों में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना और आरजीएचएस में करीब बीस हजार मरीजों ने उपचार प्राप्त कियां सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों को निजी अस्पतालों की हडताल के दौरान रोगी भार बढ़ने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए सभी वैकल्पिक व्यवस्थाओं की तैयारी रखने के निर्देश गये हैं

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने प्रदेश में कृषि और घरेलु उपभोक्ताओं तथा उद्योगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित उर्जा विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थें उन्होंने कहा कि प्रदेश में बेहतर प्रबंधन से विद्युत उत्पादन क्षमता में बढोतरी हुई हैं साथ ही छीजत में कमी आई हैं श्री शर्मा ने कहा कि पम्प स्टोरेज प्रोजेक्ट सस्ते होने के साथ ही लम्बी अवधि के लिए कारगर है वहीं बैटरी स्टोरेज के जरिये स्वच्छ ऊर्जा को प्रोत्साहन मिलता हैं आने वाले समय में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति के लिए सरकार प्राथमिकता के साथ इन प्रोजेक्ट्स की कियान्विती करेगीं

0000

प्रदेश में नगरीय क्षेत्रों में 200 **अम्बेडकर ई–लाइब्रेरी** स्थापित की जायेगीं साथ ही जयपुर के मूंडला स्थित अम्बेडकर पीठ में आवासीय कोचिंग सेंटर शुरू किया जायेगां मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कल जयपुर में **डॉ.** भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित राज्यस्तरीय समारोह में ये घोषणा कीं मुख्यमंत्री ने बताया कि अनुसूचित जाति उत्तर

मैट्रिक छात्रवृति योजना के तहत 292 करोड़ रूपये खर्च कर पौने चार लाख विद्यार्थियों को लाभान्वित किया गया हैं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सामाजिक न्याय अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार बाबासाहेब के विजन को साकार करते हुए वंचित वर्गो के उत्थान के लिए लगातार काम कर रही हैं

0000

राजस्थान पुलिस के 77वें स्थापना दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा हैं इसी कडी में आज जोधपुर में क्विज़ प्रतियोगिता रखी गई हैं जोधपुर पुलिस आयुक्तालय ने ये प्रतियोगिता शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित की हैं इसमें 9वीं से 12वीं कक्षा तक के विद्यार्थी भाग लेंगें वहीं जोधपुर में कल राजस्थान पुलिस प्रशिक्षण केंद्र–आर. पी. टी. सी. पर नव आरक्षी प्रशिक्षु का दीक्षांत समारोह आयोजित किया जाएगां आरपीटीसी के प्रधानाचार्य आईपीएस डॉ. महावीर सिंह राणावत ने बताया कि इसमें 90–91 बैच के प्रशिक्षु को दीक्षांत की शपथ दिलाई जाएगीं कार्यक्रम में पुलिस बैंड वादन और परेड निरीक्षण तथा पारितोषिक का वितरण भी किया जायेगां

**वहीं जयपुर स्थित** पुलिस अकादमी में कल आयोजित होने वाले समारोह में हनुमानगढ़ जिले के यातायात प्रभारी अनिल चिंदा सहित 6 पुलिसकर्मियों को **मुख्यमंत्री उत्कृष्ट सेवा पदक** से सम्मानित किया जायेगां

0000

प्रदेश में बीते करीब एक सप्ताह से गर्मी ने जोर पकड लिया हैं मौसम विभाग ने आने वाले दो–तीन दिनों में पश्चिमी राजस्थान में तापमान में और बढोतरी होने तथा दिन का पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार जाने का अनुमान जताया हैं इसे देखते हुए हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया हैं इस बीच कल पांच स्थानों पर दिन का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा और रात का तापमान 25 डिग्री से ऊपर दर्ज हुआं बाडमेर और कोटा में पारा 41 डिग्री के पार पंहुच गयां कोटा से हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज धूप और गर्मी से लोग परेशान हो रहे है और बाजारों में चहल पहल कम हो गई हैं

....

राजधानी जयपुर में भी गर्मी का असर बढने लगा हैं दिन और रात के तापमान में बढोतरी हुई हैं जयपुर में कल अधिकतम तापमान 38 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रहां मौसम विभाग के अनुसार इस साल अल नीनो के प्रभाव से बारिश सामान्य से कम रहने की संभावना हैं इससे गर्मी का असर ज्यादा दिनों तक बना रह सकता हैं

0000

बाड़मेर में कल एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई घटना राष्ट्रीय राजमार्ग 68 पर हरसाणी हाटे के पास एक कार और जीप की टक्कर मे हुई जिसमें कार सवार चार लोगों ने मौके पर ही दम तोड दियां वहीं जीप सवार एक व्यक्ति घायल हो गयां

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 26 अप्रैल को आकाशवाणी के ''मन की बात'' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगें ये इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133 वीं कड़ी होगीं इसके लिए श्रोता अपने सुझाव टोल–फ्री नम्बर 1800–11–7800 पर भेजे जा सकते हैं नरेन्द्र मोदी एप और माय जीओवी ओपन फोरम के माध्यम से भी विचार भेजे जा सकते हैं ये सुझाव 24 अप्रैल तक स्वीकार किए जाएंगें

0000